पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद चन्दौली में मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया

## जनपद चन्दौली हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा : मुख्यमंत्री

## डबल इंजन सरकार ने जनपद के विकास हेतु अनेक कार्यक्रम आगे बढ़ाये

## प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप जनपद वाराणसी की रिंग रोड चन्दौली होते हुए विकास की एक धुरी बन रही

## जनपद में बाबा कीनाराम की स्मृति में बना मेडिकल कॉलेज संचालित

## 200 करोड़ रु0 से अधिक लागत से इण्टीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण को स्वीकृति

## पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे को चन्दौली होते हुए शक्तिनगर, सोनभद्र तक पहुंचाने की सैद्धान्तिक सहमति दी गयी, इस एक्सप्रेस–वे से चन्दौली की कनेक्टिविटी प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी नई दिल्ली तक होगी

## गंगा एक्सप्रेस–वे को प्रयागराज से मीरजापुर, भदोही, वाराणसी व चन्दौली होते हुए गाजीपुर से मिलाने की कार्यवाही आगे बढ़ायी जा रही

## चन्दौली को इन दोनों एक्सप्रेस–वे का व्यापक लाभ मिलेगा

## बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज में बाबा कीनाराम की मूर्ति की स्थापना की सहमति दी गयी

## गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल तथा दीनदयाल उपाध्याय नगर में एलीवेटेड ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गये

## नौगढ़ क्षेत्र में व्यापक लैण्ड बैंक के माध्यम से निवेश के प्रस्ताव आमंत्रित करने के अभियान को गति देने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया

## चन्दौली कृषि प्रधान के साथ–साथ औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में विकसित हो, इस मंशा से सभी कार्य किये जा रहे

**लखनऊ : 17 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि चन्दौली उत्तर प्रदेश का एक कृषि प्रधान जनपद है। यह एक सीमावर्ती जनपद भी है। डबल इंजन सरकार ने जनपद के विकास हेतु अनेक कार्यक्रम पहले से ही आगे बढ़ाये हैं। इनमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुरूप जनपद वाराणसी की रिंग रोड चन्दौली होते हुए विकास की एक धुरी बन रही है। बाबा कीनाराम की स्मृति में बना यहां का मेडिकल कॉलेज गत वर्ष ही संचालित हो चुका है और यह सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद चन्दौली भ्रमण के अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा

जो भी प्रस्ताव दिये गये थे, हमने उन्हें तेजी के साथ आगे बढ़ाया है। कई वर्षों से चन्दौली में जनपद न्यायालय के भवन के निर्माण की मांग की जा रही थी। हमने इसके लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत से इण्टीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण की स्वीकृति पहले से ही दे दी है। इसके अन्तर्गत अधिवक्ता चेम्बर व न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधा भी कैम्पस में रहेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राजधानी लखनऊ से जनपद गाजीपुर के मध्य पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे बन चुका है। लोग इसका लाभ ले रहे हैं। हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे को चन्दौली होते हुए शक्तिनगर, सोनभद्र तक पहुंचाने की सैद्धान्तिक सहमति दे दी है। इसके सर्वे का कार्य वर्तमान में चल रहा है। चन्दौली की कनेक्टिविटी अब प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी नई दिल्ली तक इस एक्सप्रेस–वे के माध्यम से होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण अपने अन्तिम चरणों में है। इसे प्रयागराज से मीरजापुर, भदोही, वाराणसी व चन्दौली होते हुए गाजीपुर से मिलाने की कार्यवाही आगे बढ़ायी जा रही है। यह भी जनपद चन्दौली के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। चन्दौली को इन दोनों एक्सप्रेस–वे का व्यापक लाभ मिलेगा। भारत सरकार के स्तर से वाराणसी से कोलकाता के बीच एक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। यह चन्दौली से होकर गुजरेगा। आने वाले समय में इसका लाभ भी चन्दौली को प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद चन्दौली के बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज में बाबा कीनाराम की मूर्ति की स्थापना की सहमति दी गयी है। जनपद चन्दौली में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल तथा दीनदयाल उपाध्याय नगर में एलीवेटेड ब्रिज के निर्माण के लिए हमने प्रस्ताव मांगे हैं। जनप्रतिनिधियों की मांग पर यहां के सरकारी डिग्री कॉलेज में विज्ञान आदि विषयों की पढ़ाई के लिए प्रस्ताव मांगे गये हैं।

नौगढ़ क्षेत्र में व्यापक लैण्ड बैंक के माध्यम से निवेश के प्रस्ताव आमंत्रित करने के अभियान को गति देने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया है। इसके माध्यम से जनपद चन्दौली में हजारों करोड़ रुपये का निवेश आ सकता है, जिससे हजारों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावनाएं बनेंगी। देश की बड़ी–बड़ी कम्पनियों ने इसमें रुचि दिखायी है। जनपद चन्दौली कृषि प्रधान के साथ–साथ औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में विकसित हो, इस मंशा से यह सभी कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद चन्दौली हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनपद चन्दौली प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन तथा यहां के जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में विकास की नई बुलन्दियों को छुएगा।

––––––

***PN-CM-Chandauli Visit-Media Briefing-17 July, 2025***